अमर उजाला 06/02/2024

वेदांत साहित्य पर लगी पुस्तकों की प्रदर्शनी

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। छावनी के गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में रामकृष्ण मिशन की वर्षगांठ पर जसवंत राय मेमोरियल लाइब्रेरी की ओर से पुस्तक प्रदर्शनी लगी। इसमें स्वामी विवेकानंद पर आधारित पुस्तकों को प्रदर्शित किया।

इसके साथ ही सामान्य ज्ञान पर आधारित पुस्तकें भी प्रदर्शनी में शामिल की गई। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. सीमा कंसल ने इस प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि पुस्तकें विद्यार्थियों के लिए सबसे बड़ी मार्गदर्शक और ज्ञानवर्धक होती हैं। इस अवसर पर पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ. दीपक अहलावत ने बताया कि सभी प्राध्यापकों और विद्यार्थियों ने पुस्तक प्रदर्शनी का अवलोकन किया।